नराकास की छमाही बैठक का आयोजन

दिनांक 19 जुलाई 2024 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 की छमाही बैठक का आयोजन केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में संस्थान के निदेशक डॉ. ओ .पी. यादव की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. यादव ने कहा कि सदस्य कार्यालयों द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगति सराहनीय है | उनके द्वारा पुरस्कार विजेता कार्यालयों एवं प्रतिभागियों को शुभकामना दी गयी |

बैठक में श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास-2 द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा बैठक की कार्यवाही संचालित की गई | श्री यादव ने कहा कि नराकास के सदस्य कार्यालयों के सहयोग से निरंतर राजभाषा गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं | नराकास अध्यक्ष द्वारा उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को प्रथम, क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र-पश्चिम को द्वितीय पुरस्कार तथा काजरी को तृतीय पुरस्कार के रूप में राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया | नराकास द्वारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता हेतु श्री जगदीश यादव, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण को प्रथम पुरस्कार, डॉ. आर. बानो, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण तथा श्री इंद्रराज मीना, काजरी को द्वितीय पुरस्कार, श्री ओम प्रकाश वैष्णव, केन्द्रीय विद्यालय (सीमा सुरक्षा बल) एवं श्री रमेश कुमार, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण को तृतीय पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया |

बैठक में वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन, राजभाषा कार्यशाला सहित विभिन्न मदों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई |

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय (वायु सेना स्थल) द्वारा संस्थान में जारी राजभाषा गतिविधियों संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में नराकास के 70 से अधिक कार्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड) श्री सुरेश कुमार ने कहा कि नराकास की बैठकों के समय पर आयोजन होने से राजभाषा कार्यान्वयन में निरंतरता बनी रहती है | बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद् ज्ञापित किया गया |